राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना

चर्चा में क्यों?

5 मार्च, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार सरकार ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राज्य के विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खेल पुरस्कार देने के लिये राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना बनाई है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में खिलाड़ियों के चयन के लिये राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय चयन समिति बनाई गई है।
- इस समिति के तहत इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्वारा चिह्नित खेलों के अंतर्गत भारत में संचालित राष्ट्रीय खेल महासंघों, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड, स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया आदि संगठनों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं का चयन होगा।
- मैडल विजेता खिलाड़ियों को 29 अगस्त को हर साल होने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।
- राज्य खेल पुरस्कार व सम्मान योजना के तहत ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत खेल में गोल्ड मैडल जीतने वाले खिलाड़ी को दो करोड़, सिल्वर मैडल जीतने वाले को डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले को एक करोड़ रुपए मिलेंगे।
- एशियन गेम्स में गोल्ड मैडल जीतने वाले को डेढ़ करोड़, सिल्वर मेडल जीतने वाले को एक करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले को 75 लाख रुपए दिये जाएंगे।
- आधिकारिक एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतने वालों को 75 लाख, सिल्वर जीतने वाले को 50 लाख और कांस्य पदक जीतने वाले को 30 लाख मिलेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में यदि बिहार के खिलाड़ी हैं तो उन्हें भी राज्य सरकार पुरस्कृत करेगी। वर्ल्ड कप या टी-20 की विजेता या उपविजेता भारतीय टीम में बिहार के कोई खिलाड़ी हैं, तो उन्हें क्रमशः सरकार डेढ़ और एक करोड़ देगी।
- राज्य सरकार चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता और उपविजेता टीम के बिहारी सदस्य को क्रमशः एक करोड़ और 75 लाख मिलेंगे तथा राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रीय खेल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को चार लाख, तीन लाख और दो लाख रुपए देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-sports-awards-and-honors-scheme